# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ–226006

फोनः 0522–2335771 फैक्सः 0522–2335346

**E-mail** : polradioup@sify.com **Website** : uppolice.gov.in


**पत्रांकः एमटी9/व्हीकल/नि0/2013-14** **दिनांकः अगस्त 25 , 2014**

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न निष्प्रयोज्य वाहनों की नीलामी दिनांकः 15.09.2014 को समय 1200 बजे उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ पर प्रस्तावित है-

**''यूपी 32 एके 3716 एम्बेसेडर कार, यूपी 32 बीजी 0432 एम्बेसेडर कार, यूपी 32 एटी 4486 एम्बेसेडर कार, यूपी 32 आर 7122 बुलेट मोटर साइकिल एवं यूपी 32 आर 7123 बुलेट मोटर साइकिल ''**

नीलामी की मुख्य-मुख्य शर्ते निम्न हैं-

1. नीलामी में बोली लगाने का अधिकार उसी व्यक्ति को होगा जो नीलामी की तिथि को समय 1000 बजे से 1130 के मध्य पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक (दूरसंचार), उ0प्र0, लखनऊ (IGP/DIRECTOR, TELECOM, UP, LKW) के पक्ष में देय रु. 5,000.00 (रु. पाँच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जमा कराकर टोकन प्राप्त कर लेगा।
2. नीलामी ''जैसे है जहाँ है'' के आधार पर की जायेगी।
3. अन्तिम अधिकतम बोली जिस बिडर के पक्ष में स्वीकार की जायेगी उसे सम्बन्धित वाहन हेतु बोली गयी अधिकतम बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत तुरन्त नगद जमा करना होगा अन्यथा टोकन की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. कोई भी बोली बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा।
5. अन्तिम बोली जिस बिडर की स्वीकार की जायेगी उसकी अधिकतम धनराशि के अतिरिक्त वैट एवं आयकर (टी.सी.एस.) नियमानुसार भुगतान करना होगा।
6. बिडर को पूर्ण धनराशि दो दिवस के अन्दर जमा करने के उपरान्त तुरन्त वाहन को अपने संरक्षण में लेकर स्वयं के व्यय पर हटाना होगा अन्यथा रु. 1000.00 (रु. एक हजार मात्र) की धनराशि प्रतिदिन की दर से अलग से भुगतान करना होगा।
7. वाहन सौंपे जाने के उपरान्त विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**(असीम अरुण)**
पुलिस महानिरीक्षक/
निदेशक, दूरसंचार
उत्तर प्रदेश पुलिस